प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 नवंबर 2024

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – नवंबर 2024

नवंबर 2024 माह के लिए अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) की ऋण और जमा दरों के आंकड़े तालिका 1 से 7 में दर्शाए गए हैं।

मुख्य बातें:

ऋण दरें:

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) अक्तूबर 2024 में 9.54 प्रतिशत (सितंबर 2024 में 9.37 प्रतिशत) रही।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर सितंबर 2024 की तरह अक्तूबर 2024 में 9.90 प्रतिशत पर यथावत् रही।[1]
- एससीबी की एक वर्ष की औसत निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) नवंबर 2024 में बढ़कर 9.00 प्रतिशत (अक्तूबर 2024 में 8.95 प्रतिशत) में हो गई।

जमा दरें:

- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) सितंबर 2024 में 6.54 प्रतिशत की तुलना में अक्तूबर 2024 में 6.44 प्रतिशत रही।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) अक्तूबर 2024 में 6.96 प्रतिशत (सितंबर 2024 में 6.95 प्रतिशत) रही।[1]

अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/ 1617

[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।